दिन– मंगलवार  दिनांक– 10 / 09 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।  अवधि – 15 मिनट

---

01. वस्तु और सेवा कर परिषद ने कैंसर की दवाओं पर कर घटाकर पांच प्रतिशत और नमकीन पर बारह प्रतिशत किया।

02. चिकित्सा और स्वास्थ्य बीमा जीएसटी दरों में सुधार के लिए बिहार के उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में मंत्री समूह का गठन।

03. पटना में आज से शुरू हो रही है पंचायती राज प्रतिनिधियों की तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला। देशभर से तीन सौ प्रतिनिधि होंगे शामिल।

04. और, प्रदेश में डेंगू का प्रकोप जारी। पिछले चौबीस घंटों के दौरान तेईस नये मामलों की पुष्टि। पटना जिले में डेंगू पीड़ित किशोर की मौत।

---

वस्तु और सेवा कर परिषद ने कैंसर की दवाओं पर जीएसटी की दर बारह प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत करने का निर्णय लिया है। नई दिल्ली में वस्तु और सेवा कर परिषद की बैठक में यह निर्णय किया गया। बैठक के बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा कि कैंसर की दवाओं पर जीएसटी दर कम करने का उद्देश्य इस रोग के उपचार में आने वाले खर्च को कम करना है। उन्होंने कहा कि नमकीन की चुनिंदा सामग्री पर भी जीएसटी अठारह फीसदी से घटाकर बारह फीसदी कर दिया गया है।

–––बाईट–––

वित्त मंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों की ओर से स्थापित विश्वविद्यालयों और आयकर छूट प्राप्त विश्वविद्यालयों को शोध के लिए दी जाने वाली धनराशि को जीएसटी से छूट दी गई है। वहीं, कार की सीटों पर जीएसटी अठारह फीसदी से बढ़ाकर अट्ठाईस फीसदी कर दिया गया है।

---

वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि जीएसटी परिषद ने दो प्रमुख मंत्रिसमूहों का गठन करने का निर्णय किया है। इनमें से एक समूह चिकित्सा और जीवन बीमा संबंधी दरों को युक्तिसंगत बनाने पर काम करेगा और दूसरा मुआवजा

उपकर के लिए रूपरेखा तैयार करेगा। जीएसटी परिषद की चौवनवीं बैठक की अध्यक्षता के बाद पत्रकारों को संबोधित करतेह हुए वित्त मंत्री ने कहा कि चिकित्सा और स्वास्थ्य बीमा जीएसटी दरों के सुधार के लिए बनी जीओएम की अध्यक्षता बिहार के उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी करेंगे और इसमें नए सदस्य भी जोड़े गए हैं। सुश्री सीतारामन ने कहा कि यह मंत्रिसमूह अक्टूबर के अंत तक अपनी रिपोर्ट देगा। मंत्रिसमूह वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित बीमा मामलों, जीवन बीमा, सावधि जीवन बीमा, समूह बीमा आदि पर भी विचार करेगा।

———बाईट———

जीएसटी परिषद की अगली बैठक नवंबर में होगी।

---

पटना के ज्ञान भवन में आज से पंचायती राज प्रतिनिधियों की तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला शुरू हो रही है। पंचायती राज विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह ने बताया कि इसमें बिहार समेत सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के लगभग तीन सौ प्रतिनिधि शामिल होंगे। कार्यशाला का उद्घाटन केन्द्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह करेंगे। इसके अलावा कार्यक्रम में पंचायतीराज मंत्रालय राज्य मंत्री एस. पी. सिंह बघेल, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा और पंचायती राज मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे। इस कार्यशाला की थीम– सामाजिक रूप से न्यायपूर्ण और सुरक्षित पंचायत रखी गयी है।

---

उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि केन्द्र सरकार ने ग्रामीण और शहरी निकायों के लिए सोलह सौ एक करोड़ रूपये जारी कर दिये हैं। उन्होंने कहा कि यह राशि वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस में मिलने वाली केन्द्रीय अनुदान की पहली किस्त है। वित्त मंत्री ने कहा कि इसमें से सात सौ पचहत्तर करोड़ रूपये पंचायतों को वितरित किये जायेंगे। राशि का आवंटन आबादी और क्षेत्रफल के अनुसार किया जाएगा। श्री चौधरी ने कहा कि इस राशि से होने वाले निर्माण कार्यों से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

---

पंचायती राज मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा है कि इस महीने पांच लाख तीस हजार सोलर स्ट्रीट लाईट विभिन्न पंचायतों में लगाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों को निर्देश भेज दिया गया है। मंत्री ने कहा कि सभी सोलर स्ट्रीट लाईट का निरीक्षण रिमोट मॉनिटरिंग सिस्टम से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि खराब हुए स्ट्रीट लाईट को बहत्तर घंटे के अंदर ठीक कर लिया जाएगा।

---

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि राज्य मंत्रिमंडल का जल्द ही विस्तार होगा। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि एनडीए के घटक दलों में इस मुद्दे पर सहमति बन गई है। श्री जायसवाल ने कहा कि प्रदेश में आयोग और बोर्डों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों के रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाएगा।

---

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव आज से आभार यात्रा की शुरूआत करेंगे। यात्रा की शुरूआत समस्तीपुर टाउन हॉल में आयोजित कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम से होगी। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने बताया कि एक सप्ताह की आभार यात्रा के दौरान नेता प्रतिपक्ष समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी और मुजफ्फरपुर जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। इस दौरान पार्टी के पदाधिकारी और सक्रिय सदस्य भी मौजूद रहेंगे। लोकसभा चुनाव में पार्टी को मिले उत्साहजनक वोट और समर्थन को लेकर राजद आभार यात्रा निकाल रहा है।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से पद्‌म पुरस्कारों के लिए प्रेरक हस्तियों को नामांकित करने का आग्रह किया है। नामांकन की अंतिम तिथि पंद्रह सितम्बर है। प्रधानमंत्री ने अनेक नामांकन प्राप्त होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में सरकार ने जमीनी स्तर के अनगिनत लोगों को पद्‌म पुरस्कार से सम्मानित किया है। उन्होंने कहा कि पुरस्कार विजेताओं की जीवन यात्रा ने अनेक लोगों को प्रेरित किया है। नामांकन **अवार्डस डॉट जीओवी डॉट आई एन** पर किये जा सकते हैं।

---

एनएचएआई के परियोजना निदेशक ने कहा है कि पटना–गया–डोभी राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या – तिरासी के सभी लेन तीस सितम्बर से चालू कर दिये जायेंगे। उन्होंने पटना उच्च न्यायालय में पेश प्रगति रिपोर्ट में कहा है कि इस एनएच के बीच में आने वाले रेलवे ओवर ब्रिज के दो लेन भी इसी अवधि में वाहनों के लिए चालू कर दिए जायेंगे। इस दौरान न्यायालय ने राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण में हाईटेंशन तार समेत अन्य बाधाओं को दूर करने का निर्देश भी दिया। औरंगाबाद, गया और पटना जिलों से गुजर रहे इस राजमार्ग की लंबाई एक सौ तीस किलोमीटर है। मामले की अगली सुनवाई चार अक्टूबर को होगी।

———————————————————

प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता में कमी आने के साथ ही तापमान में बढ़ोतरी देखी जा रही है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान अधिकांश स्थानों का तापमान पैंतीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। अड़तीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ सीतामढ़ी का पुपरी प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। मौसम विभाग के अनुसार वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ने के साथ ही बारिश की गतिविधियों में तेजी आएगी। बारह सितम्बर से राज्य में बारिश की अनुकूल परिस्थितियां बन रही है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकांश हिस्सों में छिटपुट बारिश की संभावना है। इस दौरान कुछ स्थानों पर मेघगर्जन के साथ वज्रपात की आशंका जताई गई है।

———बाईट———

———————————————————

प्रदेश में डेंगू के नए मामलों के मिलने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान विभिन्न जिलों से तेईस नये मामले की पुष्टि हुई है। इधर, पटना जिले में डेंगू पीड़ित एक किशोर की मौत हो गई। राज्य में डेंगू से अबतक तीन लोगों की मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार इस वर्ष अब तक डेंगू के एक हजार एक सौ छियालीस मामले सामने आ चुके हैं। पटना के कंकड़बाग, पाटलिपुत्र, कुम्हरार और सिपारा में डेंगू के सबसे अधिक मामले सामने आए हैं।

———————————————————

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स आज नई दिल्ली में एक समर्पित तंबाकू मुक्ति क्लिनिक–टीसीसी शुरू करेगा। इसका उद्देश्य भारत में तंबाकू के सेवन से

उत्पन्न स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान करना है। टीसीसी क्लिनिक राष्ट्रीय औषधि निर्भरता उपचार केन्द्र –एनडीडीटीसी और एम्स के पल्मोनरी सहित दूसरे विभाग के प्रयास से शुरू किया जा रहा है।

---

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने कहा है कि प्रदेश की पांच आर्द्रभूमि को रामसर साइट घोषित किया जायेगा। श्री कुमार ने बताया कि बिहार राज्य आर्द्रभूमि प्राधिकरण की बैठक यह निर्णय लिया गया है। इसके तहत तिरहुत के मोनिकामन और नरसुन चौर, बेगुसराय का कठियो चौर, मोतिहारी की सरोतर झील और भोजपुर का सुईया भागर को शामिल किया गया है।

---

पंजाब के जलांधर में खेली जा रही चौदहवीं राष्ट्रीय जूनियर बालक हॉकी प्रतियोगिता के ग्रुप मुकाबले में बिहार और मिजारेम के बीच मुकाबला दो–दो से बराबरी पर रहा। वहीं, मुजफ्फरपुर की टीम ने चौदहवीं राज्य सब–जूनियर बालक हॉकी प्रतियोगिता का खिताब जीत लिया है। सीवान के मैरबा में खेले गए फाईनल मुकाबले में मुजफ्फरपुर ने सहरसा को छह–शून्य से पराजित कर दिया।

---

बेगूसराय जिले के साहेबपुरकमाल थानान्तर्गत पुलिस ने कुरहा गांव में बारह किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

---

अररिया जिले के सोनमणि गोदाम थाना पुलिस और एसएसबी की बावनवीं बटालियन ने संयुक्त छापेमारी कर एक सौ पांच लीटर नेपाली शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है – बख्तियारपुर–मोकामा फोर लेन दिसम्बर से होगा शुरू।

**दैनिक जागरण** ने जीएसटी परिषद की बैठक के निर्णय का शीर्षक लगाया है – कैंसर मरीजों को राहत, इलाज कराना होगा सस्ता।

**दैनिक भास्कर** ने केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के हवाले से लिखा है – दो साल में इलेक्ट्रिक वाहनों की कीमत पेट्रोल–डीजल वाहनों के बराबर हो जाएगी।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है – बालू करोबारी सुभाष यादव और अशोक की सड़सठ करोड़ की संपत्ति ईडी ने की जब्त।

**राष्ट्रीय सहारा** ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा से जुड़ी खबर का शीर्षक लगाया है – ऊर्जा क्षेत्र में हुए चार करार।

**आज** अखबार लिखता है – मंकी पॉक्स पर केन्द्र सरकार ने जारी की गाईड लाईन।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर............

01. वस्तु और सेवा कर परिषद ने कैंसर की दवाओं पर कर घटाकर पांच प्रतिशत और नमकीन पर बारह प्रतिशत किया।

02. चिकित्सा और स्वास्थ्य बीमा जीएसटी दरों में सुधार के लिए बिहार के उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में मंत्री समूह का गठन।

03. पटना में आज से शुरू हो रही है पंचायती राज प्रतिनिधियों की तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला। देशभर से तीन सौ प्रतिनिधि होंगे शामिल।

04. और, प्रदेश में डेंगू का प्रकोप जारी। पिछले चौबीस घंटों के दौरान तेईस नये मामलों की पुष्टि। पटना जिले में डेंगू पीड़ित किशोर की मौत।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।